## दिनांक 29.04.2023 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 29.04.2023 को भारत रत्न डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कक्ष, कलेक्ट्रेट हमीरपुर में सम्पन्न हुई, जिसके कार्यवृत्त का अनुमोदन जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 4.05.2023 को किया गया। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें:-

1. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), हमीरपुर।
2. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा।
3. श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
4. श्री आशीष बाजपाई, सहायक अभियन्ता(मैकेनिकल), एस0डब्लू0एस0एम0, हमीरपुर।
5. श्री रामा कृष्न शुक्ल, सुपरविजन इंजीनियर, आरवी एसोसिएट्स (पी0एम0सी0), हमीरपुर।
6. श्री मोहनीश शारदा, डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
7. श्री सुनील भारद्वाज, जनरल मैनेजर, एस0पी0एम0एल0–जे0डब्लू0आई0एल0(जेवी), हमीरपुर।
8. श्री अभिषेक कुमार वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जेवी), हमीरपुर।
9. श्री सिद्धार्थ मल्ला, डी0सी0, आई0एस0ए0 जीवन ज्योति शिक्षण एवं जन कल्याण समिति, हमीरपुर।
10. श्री अनुभव द्विवेदी, आई0एस0ए0 चित्रकूट सेवा आश्रम, चित्रकूट।



**पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना**

सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना के माध्यम से कुल 148 राजस्व ग्राम लाभान्वित हैं, जिसमें विकास खण्ड मौदहा के 82 एवं विकास खण्ड सुमेरपुर के 66 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। उपरोक्त परियोजना का घटकवार प्रगति निम्नवत है:-

**इन्टेक वेल:**-एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम पत्यौरा डांडा के पास इन्टेकवेल (45 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इन्टेकवेल का लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। एप्रोच ब्रिज का सिविल कार्य पूर्ण। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि इन्टेकवेल पर पर्याप्त मानवश्रम लगाकर तथा लक्ष्य निर्धारित कर कार्य मे आपेक्षित तेजी लाये तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराते हुए यथाशीघ्र अवशेष कार्यो को पूर्ण करायें।

**डब्लू0टी0पी0:**-जे0डब्लू0आई0एल0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि डब्लू.टी.पी. (45 एम0एल0डी0) पत्यौरा डांडा का निर्माण कार्य किया जा रहा है, डब्लू.टी.पी. का सिविल कार्य 97 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में डब्लू.टी.पी. के एम.सी.डब्लू.आर., एडमिन बिल्डिंग, एल.एल.एफ., रिसर्कुलेशन सम्प, स्लज सम्प इत्यादि के लगभग कार्य पूर्ण हो चुके हैं व बाउन्ड्रीवाल का लगभग 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष प्रगति पर है। मीटर रूम और डेवलपमेन्ट के कार्य,



Scanned with OKEN Scanner

मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल कार्य किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि डब्लू.टी.पी. के विद्युत यांत्रिकी, डेवलपमेन्ट, मीटररूम व बाउन्ड्रीवाल के अवशेष कार्यों को पर्याप्त मानवश्रम लगाते हुए यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

**सी0डब्लू0आर0:**–एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 10 नग सी0डब्लू0आर0 के सापेक्ष अभी तक 08 नग सी.डब्लू.आर. पत्यौरा, पचखुरा, मिहुना, कलौलीतीर, भवानी, चॉदीकलां, गैसमरी तथा छिरका का सिविल कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 02 नग सी0डब्लू0आर0 चन्द्रपुरवा बुजुर्ग तथा मकरांव पर स्लैब कार्य प्रगति पर है, 02 नग सी0डब्लू0आर0.के ब्रिक वर्क पूर्ण तथा प्लास्टर का कार्य प्रगति पर है तथा 04 नग सी0डब्लू0आर विद्युत यांत्रिक कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं। सी0डब्लू0आर0 की कुल प्रगति 84 प्रतिशत है। सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि योजना में कुल 08 मीटर रूप का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष अभी तक 06 मीटर रूम का कार्य पूर्ण हो पाया है तथा 02 नग पर कार्य प्रगति पर है। पूर्ण किये गये सी0डब्लूआर पर अभी तक हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि निर्धारित मैनपावर लगाते हुए स्वीकृत ड्राईंग एवं डिजाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार सभी सी0डब्लू0आर0 पर एक साथ समान्तर रूप से कार्य कराते हुए अवशेष कार्यो को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अवर जलाशयः**–कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 46 नग अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसमें कुल 15 अवर जलाशयों में टॉप डोम पूर्ण हो चुका है, शेष अवर जलाशय का कार्य प्रगति पर है। सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी फर्म द्वारा वर्तमान में मात्र 13 नग अवर जलाशयों अतरार, बरूआ, चन्द्रपुरवा बुजुर्ग, चन्दौखी, जिगनौड़ा, पत्यौरा, भभौरा, धुन्धपुर, दरियापुर, सुरौली, कलौलीतीर, उपरी सायर पर कार्य धीमी गति से किया जा रहा है तथा 18 नग अवर जलाशय अरतरा, रोहारी, नदेहरा, पिपरौंधा, मॉचा, रतौली, गुढ़ा, भमौरा, लदार, रिवन, नयी बस्ती, उजनेड़ी, मकरॉव, विदोखर, भवानी, छानी, मिहुना तथा टेढ़ा पर कार्य बन्द है। 09 अवर जलाशयों पर हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य पूर्ण तथा 06 अवर जलाशय शेष हैं। अवशेष कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 350 श्रमिक प्रतिदिन लगाये जाने के सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र 90 श्रमिक लगाये गये हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा जनरल मैनेजर जे.डब्लू.आई.एल. को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाते हुए कार्ययोजना के अनुसार सभी अवशेष जलाशयों पर एक साथ तथा समांतर रूप से कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणाली:**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित राइजिंगमेन 306.63 किमी0 के सापेक्ष 301.81 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा योजना में प्रस्तावित वितरण प्रणाली 908.886 किमी0 के सापेक्ष 887.57 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदयद्वारा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि आवश्यक गैंग व मैनपावर लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग व डिजाइन तथा गुणवत्ता मानको का पालन करते हुए अवशेष राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणाली पाइप बिछाने का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**FHTC कनेक्शनः**–सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा योजना मे प्रस्तावित 47940 FHTC कनेक्शन के सापेक्ष अभी तक 42870 MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है। फर्म द्वारा 72 राजस्व ग्रामों में एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण तथा 31 राजस्व ग्रामों में प्रगति पर है। कार्ययोजना के अनुसार कार्यदायी फर्म द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए 175 श्रमिक लगाये जाने के सापेक्ष मात्र 12 श्रमिक लगाये गये हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्य को गम्भीरता से लेते हुए पर्याप्त टीमों व मशीनरी को "राउण्ड द क्लाक" 24 घंटे दिन और रात्रिकालीन शिफ्टों में कार्यस्थलों पर लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप तथा कार्ययोजना के अनुसार निर्धारित दैनिक लक्ष्य को प्राप्त करें।

**रोड रेस्टोरेशनः**–फर्म के जनरल मैनेजर द्वारा बताया गया कि अभी तक 64 राजस्व ग्रामों पत्यौरा डांडा, बरूआ, भुरही, पटकना, किशनपुर, सिलौली, उपरी, भरसावन, देवकाली, सारस, मसगांव, धुगवान, खनदेही, बिगहना, चकदाहा, गदेरीया खेड़ा, मवईया, गेहबरा, भवानी, चमरखन्ना, रतवा, गुरहा, गहतौली, जलाला, इटारा, पचखुरा खुर्द, धुन्धपुर, महमूदपुर, दरियापुर, कन्जौली, रिगना, पत्यौरा डांडा, बरूआ, पारा, रायपुर, इचौली, भवनीया, बदनपुर, अतैरया, नरायनपुर, नजरपुर,



Scanned with OKEN Scanner

टोलामॉफ, तिलसारस, बमरौली, खैरी, अछरैला का रोड रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया एवं 28 राजस्व में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि रोड–रेस्टोरेशन कार्य में आपेक्षित प्रगति कम है, पाइप लेइंग के पश्चात यथाशीघ्र हाइड्रोटेस्टिंग तथा रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जाय, जिससे जनसामान्य को आवागमन मे परेशानी न हो। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 जिन राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, सत्यापन कराकर फोटो सहित रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

**हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पाइप पेयजल योजना**

सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना के माध्यम से कुरारा विकास खण्ड के 24 ग्राम पंचायत के 39 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजनान्तर्गत 01 इन्टेकवेल (9 एम0एल0डी0), 01 डब्लू0टी0पी0 (8 एम0एल0डी0), 12 नग अवर जलाशय तथा 05 नग सी0डब्लू0आर0 का निर्माण किया जाना है।

**इन्टेकवेल:–** इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम हरौलीपुर के पास इन्टेकवेल (9 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा अवगत कराया गया कि इंटेकवेल का सिविल कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, फिनिशिंग एवं पेंटिंग का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा 15 मई 2023 तक इन्टेकवेल के अवशेष कार्यो को पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इन्टेक पर अभी तक पम्प इन्स्टॉल करने का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। 04 ग्रामों हरौलीपुर, उमराहट, कनकीकलां एवं कनौटा में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानव श्रम लगाकर अवशेष कार्यों को अनुमोदित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**डब्लू0टी0पी0:–**प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि डब्लू0टी0पी0 8 एम0एल0डी0 का हरौलीपुर मे निर्माण किया जाना है, जिसका सिविल कार्य 97 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान में मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया गया कि डब्लू0टी0पी0 का अवशेष सिविल कार्य एवं विद्युत यांत्रिकी के कार्य पर्याप्त मानवश्रम लगाकर शत–प्रतिशत अनुमोदित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

**सी0डब्लू0आर0:–**सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित सभी 5 नग सी0डब्लू0आर0 का सिविल कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा पेटिंग एवं फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। 02 सी0डब्लू0आर0 पर पम्प इन्स्टालेशन की कार्यवाही पूर्ण तथा शेष पर कार्य प्रगति पर है। योजना में कुल 06 मीटररूम का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष सभी 06 नग मीटररूम का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी एजेंसी को निर्देशित किया गया कि सी0डब्लू0आर0 पर आवश्यक मैनपावर लगाकर स्वीकृत ड्राईंग एवं डिजाइन के अनुसार अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करायें।

**अवर जलाशय:–**पी0एन0सी0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि सतही स्त्रोत योजना के तहत 12 अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष सभी 12 अवर जलाशयों का सिविल कार्य पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान मे पेटिंग तथा फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदयद्वारा निर्देशित किया कि अवर जलाशयों पर पर्याप्त मैनपावर व मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग व डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानको का पालन कराते हुए अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाय।

**राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणाली:–**अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित राईजिंगमेन 84.084 किमी0 पाइप बिछाने तथा वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0 बिछाने के लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी जल निगम ग्रामीण, महोबा/सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0/डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 कृपया जॉच कर ले कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य किसी भी ग्राम पंचायत में शेष नही है।



Scanned with OKEN Scanner

**FHTC कनेक्शनः**–प्रोजेक्ट मैनेजर, पी०एन०सी० द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 9636 FHTC कनेक्शन के सापेक्ष अभी तक 9497 MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है। 34 राजस्व ग्रामों में एच०टी०सी० का कार्य पूर्ण एवं 03 ग्रामों में प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी.एन.सी. प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी को परियोजना के कार्यस्थलों पर लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप अवशेष HTC का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

## हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पाइप पेयजल योजना

सुपरविजन इंजीनियर, पी०एम०सी० द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (नलकूप आधारित) के माध्यम से विकास खण्ड राठ, गोहाण्ड, सरीला एवं मुस्करा के 168 ग्रामों को लाभान्वित किये जाना है। हरौलीपुर नलकूप आधारित योजनान्तर्गत 136 नग नलकूप, 118 नग अवर जलाशय, 1 नग सी०डब्लू०आर० वितरण प्राणाली के लिए पाईप बिछाने का कार्य 977.42 किमी०, 103 नग स्टाफ क्वाटर, 14.23 किमी० बाउन्ड्रीवाल का निर्माण् किया जाना है। उपरोक्त परियोजना का घटकवार प्रगति निम्नवत है:–

**नलकूपः**–प्रोजेक्ट मैनेजर, पी०एन०सी० द्वारा अवगत कराया गया कि नलकूप आधारित योजना में प्रस्तावित 123 नग नलकूप के सापेक्ष 121 नग नलकूपों मे लोवरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है व 96 कार्यस्थलों पर समर्सिबल इन्स्टालेशन का कार्य किया जा चुका है। निर्धारित 107 पम्प हाउस के सापेक्ष 88 पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पीएनसी को निर्देशित किया कि मैनपावर व मशीनरी लगाकर सभी नलकूपों पर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें तथा विकसित किये गये नलकूपों में पम्प इंस्टॉलेशन की कार्यवाही करायें एवं सोलर पैनल की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए सोलर पैनल के अधिष्ठापन कार्य पूर्ण करायें।

**अवर जलाशयः**– प्रोजेक्ट मैनेजर, पी०एन०सी० द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 118 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 118 अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ किया गया था, जिसमें 59 नग अवर जलाशयों पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण, शेष 59 नग पर कार्य प्रगति पर है। सुपरविजन इंजीनियर, पी०एम०सी० द्वारा बताया गया कि वर्तमान में राजामऊ, बरखेड़ा, बसरिया, छेड़ीबेनी, भैसाय, इस्लामपुर, इन्द्रपुरा, लोधीपुरा, गुटकवारा, चुरूआ, अमूद, उमरिया बाहपुर, सरसई, जखेरी, जमखुरी, पवई, धगवां, चकअमरपुरा, चन्दवारी डांडा, जिगनी, नहरौदरा, खरेटा खुर्द, बड़खरका, गलिया मऊ, चन्दौरा, औडेरा, कुर्रा, परा, कैथी, टिकरिया, बिलरख और इकठौर, कुल्हैण्डा और मुस्करा खुर्द, बरेल, सिकरौदा 34 नग अवर जलाशयों पर कई माह से मानवश्रम के आभाव में कार्य बन्द है। नलकूप/बोरिंग योजना के अन्तर्गत 123 नग के सापेक्ष 121 नलकूपों की लोवरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 96 कार्यस्थलों पर समर्सिबल इन्स्टालेशन किया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों के निर्माण की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा पी०एन०सी० प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि अवर जलाशयों पर मैनपावर व मशीनरी बढ़ाकर लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप सभी जलाशयों पर एक साथ समान्तर रूप से गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें तथा उपरोक्त अवर जलाशयों की प्रगति मे तेजी लायें।

**वितरण प्रणालीः**–अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 975.28 किमी० के सापेक्ष शत–प्रतिशत पाईप बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइप लाइन बिछाने का कार्य 146 ग्रामों में पूर्ण तथा 14 ग्रामों में प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी०एन०सी० को निर्देशित किया कि वितरण प्रणाली पाइप बिछाने का कार्य स्वीकृत ड्राइंग डिजाईन एवं मानक व गुणवत्ता के अनुरूप समयान्तर्गत पूर्ण करायें।

**FHTC कनेक्शनः**–प्रोजेक्ट मैनेजर, पी०एन०सी० द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में 53504 FHTC के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 52870 FHTC कनेक्शन के लिए HTC का कार्य किया गया है, 138 राजस्व ग्रामों में FHTC कनेक्शन हेतु MDPE पाइप का कार्य पूर्ण हो गया है तथा वर्तमान में 25 राजस्व ग्रामों में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी०एन०सी० प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी को परियोजना के कार्यस्थलों पर लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप अवशेष कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण करायें।

**रोड रेस्टोरेशनः**–एजेंसी क प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि अभी तक 76 राजस्व ग्रामों (अमगॉव, अतरा, औन्ता, टोलाराठ, बरोलीखरका, बरूआ, मचेहरी, बीरा, चिल्ला, नवैनी, खरेहटा बुजुर्ग, जमखुरी, सियावरी, लिंगा, टिकुर, बिगॉव,



Scanned with OKEN Scanner

मसगॉव, मेहजोली, वगीपुरा, करही, चुरहा, खरेहटा, खुर्द, सैना, अकौना, करगॉव, रावतपुरा, पवई, कुल्हेण्डा, कोथा, खराखर, खिरिया, सैदपुर, उपनिया, चुरा, भेसेन, दादो, धरौपुर, जरिया टिला, झिटकरी डांडा, कदौरा, राजामऊ, हसऊपुर सेना, कन्धौली, भुजपुर, कमोखर, खेड़ा, मसगॉव, टिहर, चकसौना, मिहुना, चिकासी, धनौरी, धनोरा, जखेरी, औड़ा खेरा, कुम्हरीया, इटौरा गॉव एवं बान्धुर खुर्द) का रोड रेस्टोरेशन किया जा चुका है तथा 38 राजस्व ग्रामों में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोड रेस्टोरेशन कार्य की अत्यन्त धीमी प्रगति पर खेद प्रकट किया गया कि कुल 167 राजस्व ग्रामों में एच.टी.सी. कार्य पूर्ण किया गया है, जिसके सापेक्ष अभी तक मात्र 52 राजस्व ग्रामों में ही रोड रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है, जो कार्यदायी एजेंसी की कार्य के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है, जबकि रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किये जाने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है। कार्यदायी एजेंसी को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में पाइप बिछाने एवं हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है, पर्याप्त टीमें लगाकर तत्काल रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कई घरों में अभी तक नल कनेक्शन तथा रोड़ रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण नहीं किये गये हैं जबकि फर्म द्वारा उपलब्ध कराई गयी सूची में कार्य पूर्ण दिखाया गया है, जो खेदजनक है।

<u>अनापत्ति प्रमाण पत्रः–</u> सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि सभी आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र सम्बन्धित विभागों से प्राप्त किये जा चुके हैं।

**विद्युत संयोजनः**–सहायक अभियन्ता, जल निगम ग्रमीण, महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (भूजल) के अन्तर्गत कुल 67 नग विद्युत संयोजन के सापेक्ष 55 विद्युत संयोजन का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है, जिन्हें विद्युत सुरक्षा निदेशालय की लिखित अनुमति प्राप्त होने के पश्चात ऊर्जीकृत किया जाना है। विद्युत सुरक्षा निदेशालय के अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया जा चुका है। हरौलीपुर सतही स्त्रोत के अन्दर कुल 06 विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष सभी पर विद्युत पोल अधिष्ठापन तथा विद्युत तार लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, विद्युत सुरक्षा निदेशालय से अनापत्ति प्रमाण प्राप्त हो चुका है, जिन्हे उर्जीकृत कार्यवाही करने की कार्यवाही की जा रही है। पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 10 नग विद्युत संयोजन के सापेक्ष डब्लू.टी.पी., भैसमरी, मिहुना, भमनी, कलौलीजॉर, चॉदीकलां, मकरॉव, चन्द्रपुरवा बुजुर्ग पर पोल अधिष्ठापन तथा विद्युत तार लगाने का कार्य पूर्ण हो गया है। छिरका में पोल लगाने का कार्य प्रगति पर है तथा डब्लू0टी0पी0 हेतु रेलवे कासिंग के पास अवशेष कार्य रेलवे विभाग से अनापत्ति मिलने के बाद पूर्ण की जायेगी। विघुत संयोजनों को विद्युत सुरक्षा निदेशालय की लिखित अनुमति प्राप्त होने के पश्चात ऊर्जीकृत किया जाना है। जे0डब्लू0आई0एल0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत सुरक्षा निदेशालय से सभी 10 नग विद्युत संयोजनों हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन किया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0 तथा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया कि किये गये सभी विद्युत कनेक्शन को उर्जीकृत किये जाने हेतु विद्युत सुरक्षा निदेशालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्राप्त कर अधिशासी अभियन्ता वि0/यां0, जल निगम ग्रामीण, चित्रकूट को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**आई0एस0ए0ः**– सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि जनपद में कार्यरत कुछ आई0एस0ए0 द्वारा आवंटित क्लस्टर ग्रामों में प्रथम फेज की गतिविधियां पूर्ण कर ली हैं तथा माह मार्च, 2023 द्वारा आई0एस0ए0 द्वारा ग्राम पंचायत की खुली बैठक, महिला बैठक, पुरूष बैठक, हैण्डवॉश तथा प्रभात फेरी आदि जल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा को प्रथम फेज की गतिविधियों का सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि मानवश्रम एवं आवश्यक मशीनरी बढ़ाकर समय से प्रस्तावित कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें, जिससे जनसामान्य को असुविधा न हो। प्रयास किया जाय कि जिस गॉव में कार्य प्रारम्भ किया जाय, उस गॉव में शत–प्रतिशत कनेक्शन देते हुए हर घर जल करने के उपरान्त ही टीम उस गॉव को छोड़े तथा यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य सम्पादन में जो सड़क/सी.सी. रोड/गलियां छतिग्रस्त हो गयी हों, उनके पुर्ननिर्माण का कार्य पूर्व की स्थिति के अनुसार सम्पन्न हो गया है। पाइप लेइंग के पश्चात यथाशीघ्र हाइड्रोटेस्टिंग कराते हुए रोड़–रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सहायक/अवर अभियंन्ता, एस.डब्लू.एस.एम. योजना के कार्यस्थलों का लगातार निरीक्षण करते हुए मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करायें तथा दैनिक/साप्ताहिक ऑबर्जवेशन रिपोर्ट अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/पी0एम0सी0 को उपलब्ध करायें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, पी0एम0सी0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि सत्यापन



Scanned with OKEN Scanner

करा लिया जाय कि राजस्व ग्राम के सभी परिवारों में गृह नल संयोजन दिये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कोई भी परिवार छूटा नही है तथा राजस्व ग्राम के सभी मोहल्ला/गली/वार्ड रोड–रेस्टोरेशन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। उपलब्ध कराये गये प्लान के अनुसार कमिशनिंग प्रारम्भ करायें, ग्रामों में पेयजल की टेस्टिंग/ट्रायल शुरू कराने को बाद बन्द कर दिया जाता है, जो उचित नहीं है, निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा 'हर घर जल' ग्राम घोषित करायें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(राजेश कुमार यादव)
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर
*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

पत्र संख्या– 61 /न0गंगे–पेय0परि0-स0बै0(2022–23)
प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:– दिनांक 04 मई, 2023

1. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।(ई–मेल)
3. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
4. अधीक्षण अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ।(ई–मेल द्वारा)
5. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), महोबा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन व गुणवत्ता मानकों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। (ई–मेल द्वारा)
6. अधिशासी अभियन्ता वि0/यॉ0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
7. टीम लीडर पी0एम0सी0(आर0वी0 एसोसिएट्स)/टीम लीडर, टी0पी0आई0(सेन्सिस टेक लि0) हमीरपुर।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
9. जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
10. स्टेट हेड, पी0एन0सी0/जे0डब्लू0आई0एल0। (ई–मेल द्वारा)

04/05/2023
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

Scanned with OKEN Scanner